(ग) क्या यह भी सच है कि इस संस्थान द्वारा करोड़ों रुपयों का घोटाला किया गया है; यदि हां, तो राज्य-वार शौचालयों के निर्माण के लिए कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई; अब तक निर्मित किए गए शौचालय कितने हैं; कितनों का निर्माण अभी चालू है और कितनों का निर्माण अभी किया जाना है; और

(घ) इस संस्थान को सरकार द्वारा कितना अनुदान उपलब्ध कराया गया है?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(घ) भारत सरकार द्वारा इस संस्थान को कोई सहायता अनुदान नहीं दिया जाता।

जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए गए सरकारी अधिकारी

3516. **श्री अशोक नाथ वर्मा** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान कई सरकारी अधिकारियों और गैर सरकारी लोगों को दूसरे देशों के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है; यदि हां, तो गिरफ्तार किए गये अधिकारियों का अलग-अलग ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या यह भी सच है कि जासूसी में लिप्त कई व्यक्तियों को छोड दिया गया है; यदि हां, तो ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है और उनको छोडने के क्या कारण हैं?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) और (ख) जी हां, श्रीमन्। सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Complaint of Nisarga Mitra Mandal

3517. DR. BAPU KALDATE;
DR. (SHRIMATI) SAROJINI MAHISHI:

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Nisarga Mitra Mandal of Aurangabad has sent a complaint regarding acquisition of land of Delhi Gate Lake for the construction of houses;

(b) whether it has been stated in their complaint that this decision is against the environment policy *ot* Government; and

(c) if so what action has been taken on the complaint?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI Z. R. ANSARI): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

दिल्ली में बैंकों में डकैतियां

3518. **श्रीमती वीणा वर्मा** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान दिल्ली के कितने बैंकों में डकैती की घटनाएं हुई हैं; इन डकैतियों के संबंध में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये और उनसे कितनी धनराशि बरामद की गई है; और

(ख) इन घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था को और बढ़ी बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) संघ शासित क्षेत्र दिल्ली में 1985 में बैंक डकैती की दो घटनाएं हुई हैं।